तुमसा मैया कोई नहीं

तू बिगड़ी बनाने वाली है,
करती सबकी रखवाली है,
तुमसा मैया कोई नहीं,
तुमसा दाती कोई नहीं॥

तू ही मेहरावली मैया तू ही झंडेवाली,
तू ही दुर्गा ज्वाला चंडी तू ही शेरोवाली,
रूप कई है नाम कई है तेरे मात भवानी,
कण कण में लिखी है तेरे, नाम की अमर कहानी,
तू बिगड़ी बनाने वाली है,
करती सबकी रखवाली है,
तुमसा मैया कोई नहीं,
तुमसा दाती कोई नहीं॥

तेरे नाम की ज्योति मैया जिसके घरमें जगती,
बिन मांझी के उसकी नैया तुफानो में चलती,
तेरे दर पर आकर पत्थर भी बनते है मोती,
बाल ना बाक़ा होता जिसपर तेरी रेहमत होती,
तू बिगड़ी बनाने वाली है,
करती सबकी रखवाली है,
तुमसा मैया कोई नहीं,
तुमसा दाती कोई नहीं॥

तेरे चरणों का मैया जो सच्चा सेवक बनता
तेरी दया से उस प्राणी का कोई काम ना टलता
सारी दुनिया में ही मैया गूंज रहा तेरा जैकारा,
शर्मा तेरी शरण में आया दे दो उसे सहारा,
तू बिगड़ी बनाने वाली है,
करती सबकी रखवाली है,
तुमसा मैया कोई नहीं,
तुमसा दाती कोई नहीं........

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24216/title/tumsa-mayia-koi-nahi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |